HINDUSTAN, Delhi, 9.3.2020
Page No. 6, Size:(8.77)cms X (8.77)cms.

ग्रेनो वेस्ट मेट्रो का काम एक माह में शुरू होगा

नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

ग्रेनो वेस्ट मेट्रो का काम एक महीने में शुरू हो जाएगा। पहले फेज में पांच मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे जिनमें सेक्टर-122, 123, सेक्टर-4 ग्रेटर नोएडा और सेक्टर-2 ग्रेटर नोएडा स्टेशन हैं।

इसके अलावा एक्वा लाइन के सेक्टर-142 को बॉटनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन तक जोड़ने के लिए अलग लाइन की योजना पर भी काम तेजी से चल रहा है। नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक रितु माहेश्वरी ने यह बातें पिंक मेट्रो स्टेशन के शुभारंभ अवसर पर कहीं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर रविवार को सेक्टर-76 व परी चौक को पिंक मेट्रो स्टेशन बनाया गया है।

हालांकि इस लाइन का एक महीने में काम शुरू नहीं हो सकता है। वजह, यह है कि अभी तक इस लाइन के काम के लिए सिविल का टेंडर जारी नहीं हुआ है। अभी कंसल्टेंसी टेंडर खुला है, इसका मूल्यांकन किया जा रहा है। सिविल के काम का टेंडर मार्च के अंत तक जारी हो पाएगा। ऐसे में जून-जुलाई से पहले काम शुरू होने की उम्मीद नहीं है।